तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि

# रत्न भूमि

रायपुर, रविवार 8 मार्च 2026

13 देवभोग के गणेश ने ऑल इंडिया एनसीसी...



14 जिला कांग्रेस भवन में नवनियुक्त पदाधिकारियों..





## खबर संक्षेप

### ठेठवार यादव समाज छुरा राज का होली मिलन समारोह आज



**रसेला।** ठेठवार यादव समाज छुरा राज का 8 मार्च रविवार को सुबह 10.30 बजे से सामाजिक भवन में होली मिलन समारोह आयोजित किया गया है। इस आयोजन में पूर्व कार्यकारिणी पदाधिकारियों का सम्मान एवं कार्यकारणी का गठन और विस्तार किया जाएगा। उत्त कार्यक्रम में समाज के सभी पदाधिकारीगण व स्वजातीय बंधुओं को अपने-अपने सहभागिता निभाने की अपील की गई।

### कार की टक्कर से बाइक सवार घायल

**महासमुंद।** कार की टक्कर से एक बाइक सवार घायल हो गया। बसना पुलिस को हर्ष चंद्राकर निवासी ग्राम फरफौद ने बताया कि 27 फरवरी की शाम करीबन 07.20 बजे अपने मोटर सायकल होंडा शाइन क्रमांक सीजी 04 एलयू 2984 में अपने साथी भागवत यादव के साथ अपने काम से ग्राम गढ़पटनी जा रहा था, टाइल्स गोदाम के पास सामने से आ रही सफेद रंग का रेनाल्ट ट्राईबर क्रमांक सीजी 04 एमवी 5981 के चालक ने अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चला कर उसकी मोटर सायकल को ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, घटना में भागवत यादव के दाहिना पैर, घुटने के पास चोट आई है। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

### भतीजे ने चाचा के साथ मारपीट की

**महासमुंद।** गाली गलौज करने से मना करने पर एक युवक ने अपने चाचा के साथ मारपीट कर दी। मामले की रिपोर्ट पर सांकरा थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस को देवारचंद भोई पिता साहबो भोई (55 साल) सल्डीह थाना सांकरा ने बताया कि 7 मार्च को 11 बजे वह अपने घर में था, तभी भतीजा मथामणी भोई अपने घर के सामने गाली-गलौज कर रहा था, जिसे उसके द्वारा मना किया गया। आरोपी ने गाली गलौज कर डंडे से प्रार्थी के सिर में मार दिया। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी के विरूद्ध धारा 115(2), 296 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### गांजा तस्करी में पुलिस आरक्षक संलिप्त, विभाग ने दर्ज किया मामला

**महासमुंद।** जिले में पुलिस द्वारा नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के दौरान एक गंभीर मामला सामने आया है। सांकरा थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी के आरोप में पुलिस विभाग के ही एक आरक्षक का नाम सामने आने से विभाग में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने अपने ही विभाग के आरक्षक पीयूष शर्मा और उनके एक साथी धर्मेंद्र सोनी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (बी) के तहत मामला दर्ज किया है। पूरी घटना 3 मार्च की है, जब सांकरा थाना पुलिस ने सूचना के आधार पर गांजा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान पुलिस ने ओडिशा के अखराभांटा निवासी धर्मेंद्र सोनी को पकड़ा। जब पुलिस ने आरोपी धर्मेंद्र सोनी से कड़ाई से पूछताछ की, तो उसने तस्करी के इस नेटवर्क में आरक्षक पीयूष शर्मा के शामिल होने की जानकारी दी। साक्ष्यों और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने पाया कि आरक्षक पीयूष शर्मा इस अवैध कारोबार में सीधे तौर पर जुड़ा हुआ था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, आरक्षक पीयूष शर्मा की गतिविधियां पिछले कुछ समय से संदिग्ध लग रही थीं। इसी कारण पुलिस अधीक्षक ने अनुशासनहीनता और संदिग्ध आचरण को देखते हुए 2 मार्च को ही उसे निलंबित कर दिया था।

# होली पर जमकर छलके जाम, दो दिन में 3 करोड़ की शराब पी गए मदिरा प्रेमी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गरियाबंद

जिले में इस होली पर्व के दौरान महज 9 शराब दुकानों में 2 दिनों में शराब की बिक्री 03 करोड़ रुपए पार कर गई, जो पिछले साल से 50 लाख रुपए ज्यादा है। इन सब के बीच राहत भरी खबर यह है कि

जिले में कोई बड़ी वारदात नहीं हुई है। यह आंकड़ा होली के दो दिन पहले की बिक्री को मिलाकर सामने आया है. शहर में शराब प्रेमियों ने होली के त्योहार को पूरी तरह जश्न के तौर पर मनाया। रंगों के पर्व होली पर इस बार जिले में शराब की बिक्री ने नया रिकॉर्ड बना दिया। मदिरा प्रेमियों ने त्योहार के जश्न में जमकर शराब खरीदी और महज दो दिनों के भीतर करीब 3 करोड़ रुपए की देशी और विदेशी शराब की बिक्री दर्ज की गई। पिछले साल होली के दौरान जिले में करीब 1 करोड़ 50 लाख रुपए की शराब बिकी थी, जबकि इस बार यह आंकड़ा लगभग दोगुना हो गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले की 9 शराब दुकानों से होली के अवसर पर भारी मात्रा में शराब की बिक्री हुई। इनमें राजिम क्षेत्र की दुकान में सबसे अधिक बिक्री दर्ज की गई। त्योहार के दिन शराब दुकानों के बाहर सुबह से ही लंबी कतारें देखने को मिलीं। होली के रंग में सराबोर लोगों ने रंग-गुलाल, खानपान और गाना-बजाना के साथ जश्न मनाया। कई लोगों ने अपने शौक के लिए शराब का सेवन भी किया, जिसके कारण बिक्री में उल्लेखनीय बढ़ोतरी दर्ज की गई। जानकारी के ▸▸| शेष पेज 12 पर

## शराब दुकानों के बाहर सुबह से ही लंबी कतारें रही



### चौक-चौराहों पर पुलिस रही तैनात

इस बार पिछले वर्ष की तुलना में अधिक लोगों ने शराब की खरीदी की। अनुमान के मुताबिक होली के दौरान जिले की अलग-अलग दुकानों से लाखों से करोड़ों रुपए तक की शराब की बिक्री हुई। दुकानों पर उमड़ी भीड़ से ही यह साफ हो गया था कि इस बार बिक्री के पुराने रिकॉर्ड टूट सकते हैं। उधर, होली के जश्न के बीच कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस भी मुस्तैद नजर आई। शहर और प्रमुख चौक-चौराहों पर पुलिस की तैनाती की गई थी। हुड़दंग करने वालों को लगातार समझाइश दी जाती रही, जिससे माहौल शांतिपूर्ण बना रहा। जिले में दोपहर करीब 1 बजे तक लोगों ने जमकर होली खेली और इसके बाद धीरे-धीरे उत्सव का माहौल सामान्य होता गया।

**समस्या :** 8 साल बीत जाने के बाद भी बिजली और न ही पीने के पानी का है साधन

# लाखों की लागत से बना चीरघर बदहाल, वर्षों से बिजली-पानी को तरस रहे मृतक के परिजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 4 किलोमीटर की दूरी पर देवभोग मार्ग पर स्थित पोस्टमार्टम हाउस आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। लाखों रुपये की लागत से निर्मित इस भवन में बुनियादी सुविधाओं का इस कदर अभाव है कि शोक संतप्त परिजनों को शव के साथ पूरी रात नारकीय स्थितियों में गुजारनी पड़ती है। आलम यह है कि 8 साल बीत जाने के बाद भी यहाँ न तो बिजली की व्यवस्था हो सकी है और न ही पीने के पानी का कोई पुख्ता साधन मौजूद है।

वनांचल और घने जंगल के बीच स्थित होने के कारण इस चीरघर परिसर में शाम ढलते ही अंधेरा पसर जाता है। बिजली की सुविधा न होने के कारण पोस्टमार्टम के लिए आने वाले परिजनों को पूरी रात लालटेन, मोमबत्ती या अलाव के सहारे काटनी पड़ती है। जंगल इलाका होने के कारण यहाँ हमेशा जहरीले जीव-जंतुओं जैसे सांप, बिच्छू और जंगली जानवरों का खतरा बना रहता है। बारिश और आंधी-तूफान के दिनों में तो स्थिति और भी भयावह हो जाती है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शासन-प्रशासन से बिजली लगाने की गुहार लगाई गई, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।



### तीन साल से खराब हैंडपंप, पानी के लिए 4 किमी की दौड़



चीरघर परिसर में पानी की सुविधा के लिए पूर्व में एक हैंडपंप का खनन किया गया था। लेकिन प्रशासनिक लापरवाही की पराकाष्ठा देखिए कि पिछले तीन वर्षों से इस हैंडपंप का हैंडल ही गायब है। हैंडपंप खराब होने के कारण मृतकों के परिजनों को पीने के पानी के लिए वापस 4 किलोमीटर दूर मैनपुर दौड़ लगानी पड़ती है। इतना ही नहीं, पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी होने के बाद डॉक्टरों और परिजनों के पास हाथ धोने तक के लिए पानी उपलब्ध नहीं रहता, जो स्वास्थ्य और स्वच्छता की दृष्टि से भी बेहद गंभीर मामला है।

### रात को पोस्टमार्टम न होने से बढ़ती है मुसीबत

क्षेत्र में यदि दोपहर या शाम के वक्त कोई अप्रिय घटना घटती है, तो नियमानुसार रात के समय पोस्टमार्टम नहीं किया जाता। ऐसी स्थिति में परिजनों को विवश होकर शव के साथ रातभर चीरघर में ही रुकना पड़ता है। सुरक्षा के लिहाज से यहाँ 'आहता' (बाउंड्री वॉल) का निर्माण भी नहीं कराया गया है, जिससे रात के वक्त जंगली जानवरों के हमले का डर बना रहता है। परिजनों के बैठने या विश्राम करने के लिए भी यहाँ कोई समुचित व्यवस्था नहीं है।

### जनता ने की त्वरित सुधार की मांग

क्षेत्र के नागरिकों और ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन के प्रति गहरा रोष व्यक्त करते हुए मांग की है कि चीरघर में अविलंब बिजली कनेक्शन प्रदान किया जाए, खराब हैंडपंप की मरम्मत हो और परिसर की सुरक्षा के लिए बाउंड्री वॉल का निर्माण कराया जाए। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब सरकार ने लाखों रुपये खर्च कर भवन बनाया है, तो सुविधाओं के अभाव में इसे अनुपयोगी रखना जनता के साथ अन्याय है।

# मधु ने योजना की राशि से बाड़ी में उगाई सब्जियां





हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

राज्य सरकार द्वारा संचालित महत्वपूर्ण योजना में से एक महतारी वंदन योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने कारगर साबित हो रहा है।

प्रदेश में लागू की गई महतारी वंदन योजना से अनेक माताओं-बहनों को अब छोटी-मोटी जरूरतों के लिए किसी के सामने हाथ फैलाने की नौबत नहीं आती। विकासखण्ड मैनपुर अंतर्गत ग्राम मैनपुर खुर्द की लगभग 40 वर्षीय मधु पटेल पति भारत पटेल जो सब्जी उत्पादक कृषक परिवार से है और सब्जी बेचकर अपना और अपने परिवार चलाती है। कुछ समय पहले मधु पटेल को अपने घर की बाड़ी में विभिन्न किस्म की सब्जी बोने के लिए बीज की आवश्यकता आन पड़ी, उनके पास पैसे नहीं थे और महंगे बीज खरीदना उनके लिए मुश्किल था। कई बार कुछ रूपयों के लिए उन्हें लंबा इंतजार भी करना पड़ता था। अब महतारी वंदन योजना से हर महीने उनके खाते में ▸▸| शेष पेज 12 पर

### रुपए के लिए हाथ फैलाने जैसी नौबत नहीं आती

श्रीमती मधु पटेल ने बताया कि हर महीने महतारी वंदन योजना के राशि का इंतजार रहता है। राशि समय पर खाते में आते ही उन्हें बहुत राहत मिलती है। यह राशि हमारे बड़े काम की होती है। गृहणी व कृषक मधु पटेल को किसी के आगे रूपए के लिए हाथ फैलाने जैसी नौबत नहीं आती है। उन्होंने बताया कि महतारी वंदन योजना को छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लागू किए जाने के बाद हम जैसी महिलाओं के लिए यह वरदान साबित हो रही है। हर महीने खाते में एक हजार की राशि प्राप्त हो जाती है। इससे हम जरूरतें हम पूरी कर लेते हैं। उन्होंने महतारी वंदन योजना लागू किए जाने से ग्रामीण क्षेत्र की गरीब और जरूरतमंद महिलाओं को बहुत लाभ पहुंचने की बात कही और इस योजना के लिए मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सरकार के प्रति आभार भी प्रकट किया।

# उदंती रिजर्व के ट्रैप कैमरे में बाघ की तस्वीर कैद, विभाग में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व में बाघ की फिर एक बार वापसी हुई है। टाइगर रिजर्व में लगे ट्रैप कैमरों में एक बाघ की तस्वीर कैद हुआ है, जिससे वन विभाग और अभ्यारण्य प्रबंधन में उत्साह का माहौल है। अभ्यारण्य प्रशासन के अनुसार पिछले दो वर्षों में वन्य प्राणियों के लिए बेहतर और अनुकूल वातावरण तैयार करने के प्रयास किए गए थे, जिसका सकारात्मक परिणाम अब देखने को मिल रहा है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि फिलहाल रिजर्व क्षेत्र में कुल तीन बाघों की मौजूदगी के संकेत मिले हैं। इनमें से एक बाघ ट्रैप कैमरे में कैद हुआ है, जबकि दूसरे बाघ के मल (स्कैट) के नमूने भी मिले हैं, जिससे उसकी मौजूदगी की पुष्टि होती है। उन्होंने बताया कि करीब 1852 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले इस टाइगर रिजर्व के कोर जोन में 51 गांव और बफर जोन में 59 गांव स्थित हैं। यहां के तौरेंगा और अरसीकन्हार रेंज वन्य प्राणियों के लिए सुरक्षित और अनुकूल क्षेत्र माने जाते हैं, जहां अक्सर वन्यजीवों की गतिविधियां देखी जाती हैं बाघ की वापसी को अभ्यारण्य के लिए एक सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। इससे यह उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले समय में यहां वन्यजीव संरक्षण के प्रयास और मजबूत होंगे तथा बाघों की संख्या में भी बढ़ोतरी हो सकती है।



## बीएसएफ में चयनित जागेश्वर साहू को ग्रामीणों ने दी विदाई



**छुईहा बेलर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) में चयनित युवा जवान जागेश्वर साहू के प्रशिक्षण शिविर के लिए रवानगी के अवसर पर शनिवार को उनके गांव सिर्रीखुर्द में देशभक्ति और समर्पण की अनूठी मिसाल कायम हुई। इस ऐतिहासिक पल में पूरा गांव उमड़ पड़ा और साहू समाज परिक्षेत्र बेलर के तत्वावधान में आयोजित विदाई समारोह में समाज के सभी पदाधिकारियों ने जागेश्वर साहू का हौसला अफ़ज़ाई करते हुए उन्हें सम्मानित किया। जागेश्वर साहू, पिता हरिराम साहू एवं माता निर्मला बाई साहू के सपनों को साकार करते हुए ग्वालियर स्थित प्रशिक्षण कैंप के लिए रवाना शनिवार को हुए। इस मौके पर साहू समाज परिक्षेत्र बेलर के अध्यक्ष हरि राम साहू, संरक्षक रामजी साहू, फुलझर साहू, भोजराम साहू, ओमप्रकाश साहू, दुर्गेश साहू, अनुप साहू, राकेश साहू, टिकेश साहू, विष्णु साहू, खोमन साहू, शालिक राम साहू, संतोष साहू, प्रेम लाल साहू, गंगाराम साहू, कोमल साहू, उदय राम साहू, सुरेश कुमार साहू, गंगाराम साहू, डागन साहू, संतु राम साहू, लीला राम साहू, सिया राम साहू सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# जानलेवा हमले से युवक गंभीर आरोपी के खिलाफ चालान पेश

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अभनपुर

ग्राम खोरपा में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक पर हमला करने का मामला सामने आया है। घटना में गंभीर रूप से घायल युवक का रायपुर के निजी अस्पताल में उपचार जारी है, जबकि पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खोरपा निवासी परसराम ध्रुव पर 4 मार्च की शाम करीब 7 बजे जवाहर चौक के पास गांव के ही युवक योगेश कुमार साहू ने कथित रूप से गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। बताया जा रहा है कि आरोपी ने पुरानी रंजिश को लेकर परसराम ध्रुव को जान से मारने की धमकी देते हुए लात से हमला किया, जिससे वह गिरकर सिर के पीछे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे तो परसराम ध्रुव गौरा चौक के पास बेहोशी की हालत में पड़ा था। उसके सिर के पीछे गहरी चोट लगी थी तथा दोनों कान और नाक से खून निकल रहा था। परिजनों ने तत्काल उसे गांव के एक व्यक्ति के सहायता से रायपुर के एक निजी नर्सिंग होम ले जाकर भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। इधर परिजनों ने बताया कि घायल परसराम ध्रुव को अब तक होश नहीं आया है और उसके सिर में गंभीर चोट ▸▸| शेष पेज 12 पर




**प्रतिदिन 500 से 1000 रुपए कमा रहे**

# वनांचल में बस्तर की देशी बीयर की धूम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मैनपुर

बस्तर के देशी बियर के नाम से मशहूर सल्फी पेड़ गरियाबंद जिला के आदिवासी विकासखंड मैनपुर के वनांचल क्षेत्र में अब बड़ी संख्या में ग्रामीणों की आय का साधन बन चुका है। पेड़ की खासियत उसके रस से आमदनी है, सल्फी का रस निकालने वालो को कहना है कि एक एकड़ खेत के बराबर सल्फी का एक पेड़ है। मैनपुर तहसील मुख्यालय से महज 25-30 किमी दूर अड़गड़ी, जरहीडीह, शोभा गोना, कुचेगा, भूतबेडा, मोतीपानी, भालूपानी, कुसियारबरछा, लाटापारा, गेदराबेडा गौरगांव क्षेत्र के ग्रामो मे इन दिनो सल्फी के पेड़ो मे हांडी लगी नजर आ रही है और इसके रस के दिवाने इसके सेवन करने इस क्षेत्र मे सुबह से शाम तक दिखाई दे रहा है। पहले यह सिर्फ बस्तर मे ही मिलता था लेकिन पिछले डेढ दो दशक से मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के शोभा गौरगांव के ग्रामो मे सल्फी पेड़ से अब उसके रस निकलने लगे है। ग्रामीण सागर मरकाम, जागेश्वर नेताम, दिनेश नागेश, भारत लाल, दुलेश मरकाम ने बताया सुबह और शाम रोजाना वे पेड़ से सल्फी निकालते है सुबह और रात को पेड़ मे हांडी को टांग दिया जाता है जो पूरी तरह रस से भर जाता है और इसे प्रति गिलाश दस रूपये के हिसाब से बेचा जाता है।



### सल्फी सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद

सल्फी का सेवन करने वाले लोग बताते है यह सेहत के लिए भी काफी फायदेमंद है खासकर पेट संबंधी बिमारी पूरी तरह ठीक हो जाती है लेकिन इसकी सेवन दवा की तरह किया जाए तो। बहरहाल शोभा गोना गौरगांव क्षेत्र के जिन ग्रामीणों के घरों में सल्फी का वृक्ष है वे प्रतिदिन 500 रुपए से 1000 रुपए आसानी से कमा रहे हैं और इस सल्फी का सेवन करने रायपुर महासमुंद, गरियाबंद बड़े शहरों से भी लोग यहां पहुंच रहे हैं। बस्तर के देशी बियर के नाम से मशहूर यह सल्फी इन दिनों भारी मात्रा में उतर रही है।

# होली आंतरिक परिवर्तन का महान उत्सव है : हेमलाल



**मुड़ागांव(कोरासी)।** आध्यात्मिक संस्था प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, खडमा सेवा केंद्र में होली के उपलक्ष्य में एक विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर ब्रह्माकुमारी बहनों ने होलिका दहन के माध्यम से होली के आध्यात्मिक महत्व को समझाया। सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी अंशु दीदी ने बताया कि सच्ची होली काम, क्रोध, लोभ, मोह और अहंकार जैसी बुराइयों को जलाने की होली है। ईश्वर के योग-अग्नि में इन विकारों को जलाकर आत्मा को पवित्र बनाना ही वास्तविक होली है। उन्होंने कहा कि भक्त प्रह्लाद की तरह ईश्वर की याद में रहे तो सदैव अच्छाई की ही विजय होती है। दीदी ने कहा ▸▸| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### राज्यपाल से पत्रकारिता विवि के कुलपति ने की भेंट

**रायपुर।** कुलाधिपति एवं राज्यपाल माननीय श्री रामेन डेका से कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) मनोज दयाल मंगलवार को सौजन्य भेंट की। कुलाधिपति जी ने विश्वविद्यालय के कुलपति के रूप में कार्य और विकास के लिए जो विश्वास दिखाया है, उसके लिए कुलपति प्रो. दयाल ने कुलाधिपति जी के प्रति आभार व्यक्त किया और विश्वास दिलाया कि विश्वविद्यालय के हित और प्रगति के लिए जो भी प्रयास करने होंगे, कुलाधिपति के मार्गदर्शन में किए जाएंगे। इस संबंध में उन्होंने विश्वविद्यालय के रोडमैप, रूपरेखा और योजनाओं पर भी चर्चा की। इसके साथ ही कुलपति प्रो. दयाल ने उच्च शिक्षा सचिव एवं उच्च शिक्षा आयुक्त से भी विश्वविद्यालय की प्रगति और गुणवत्तामूलक शिक्षा पर बात की। उनसे विश्वविद्यालय की उन्नति में सहयोग का आश्वासन मिला है।

### राष्ट्रीय स्तर की महिला खिलाड़ियों का सम्मान

**रायपुर।** रायपुर कॉन्वेंट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गुढ़ियारी रायपुर में विद्यालय की संचालिका स्व. जया कसार की स्मृति में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की महिला खिलाड़ियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। सम्मानित खिलाड़ियों में अनिशा टिरकी (हॉकी), हेमलता निषाद (खो-खो), प्रीति पटेल (खो-खो), प्राची चौबे (रेसलिंग व साफ्टबॉल), दिव्यानी सिया (बैडमिंटन तकनीकी अधिकारी व रेफरी) तथा चिरंजीवी साहू (योगा) शामिल रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत स्व. जया कसार के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दो मिनट का मौन रखकर की गई। इस अवसर पर विद्यालय के सचिव कमल कसार, आदित्य कसार, प्राचार्य डॉ. श्वेता वासनिक, रानी शर्मा, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# माह के अंत में 40 डिग्री तक पहुंचने वाला पारा इस बार शुरुआती दिनों में ही 38 के करीब


हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सामान्यतः मार्च के अंतिम दिनों में 40 डिग्री तक पहुंचने वाला शहर का तापमान इस बार महीने के शुरुआती दिनों में 38 डिग्री के करीब पहुंच गया है। पारा अगले तीन दिन और चढ़ने की उम्मीद है। शुक्रवार को राजधानी की गर्मी प्रदेश में सबसे ज्यादा रही। यहां दिन के साथ रात की गर्माहट प्रदेश में सबसे ज्यादा है।

खास खबर

प्रशांत महासागर में ला-नीना के असर से राज्य में बारिश, ठंड का प्रभाव काफी अधिक रहा है, इसलिए गर्मी का प्रभाव भी सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। इसका असर शहर में मार्च के प्रथम सप्ताह में होली के दौरान दिखने लगा है। पिछले तीन दिन से रायपुर समेत प्रदेश के मैदानी इलाके में तेज गर्मी पड़ रही है। शुक्रवार को ऐसा ही प्रभाव रहा और तापमान के मामले में रायपुर ने शहर के अन्य इलाके को पीछे छोड़ दिया। इतना ही नहीं, पिछले चौबीस घंटे में यहां रात के टेंप्रेचर ने भी अन्य शहरों की तुलना में ज्यादा असर दिखाया। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक मार्च के महीने में सामान्यतः अंतिम दिनों में गर्मी अपना तेज असर दिखाने लगती है। इस दौरान यहां दिन का पारा अंतिम सप्ताह में 40 डिग्री के करीब पहुंच जाता है। इस बार फरवरी के अंत में मौसम ठंडकता लिए हुए था, मार्च के शुरुआती दिनों में मौसम में बदलाव होने से बादल छाए और उसके छंटने के बाद गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू किया और छह दिनों में ही तापमान 38 डिग्री तक पहुंच चुका है। आने वाले तीन दिनों में इसमें और बढ़ोतरी होने की संभावना बनी हुई है।

**बढ़ोतरी के आसार, प्रदेश में दिन के साथ रात में भी ज्यादा गर्म रहा रायपुर**



### रिकार्ड 134 साल पहले 43.3 को

मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक रायपुर में 134 साल पहले यानी 28 मार्च 1892 में अधिकतम तापमान 43.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा था। इसके बाद अब तक यह स्थिति नहीं बनी। पिछले दस साल दो बार यानी वर्ष 2017 एवं 2022 को 31 मार्च को तापमान 41.6 दर्ज किया गया था। इसके अलावा रात के न्यूनतम तापमान के मामले में भी रिकार्ड 4 मार्च 1898 को 8.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया था। पिछले दस साल में पारा 16.7 से नीचे नहीं उतरा।

## सभी जोन कमिश्नरों को वार्डों में जलापूर्ति का नियमित निरीक्षण करने दिए निर्देश

# मीनल की कमिश्नरों को दो टूक- गर्मी में नहीं होनी चाहिए किसी भी वार्ड में पेयजल की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। इसी के साथ कई वार्ड में अभी से पानी की समस्या भी देखने को मिल रही है। महापौर मीनल चौबे ने शुक्रवार को निगम मुख्यालय में पानी की आपूर्ति को लेकर सभी जोन कमिश्नरों के साथ बैठक की। इस बैठक में उन्होंने दो टूक में जोन कमिश्नरों को निर्देश दिए कि जनता को पानी उपलब्ध कराना निगम की जिम्मेदारी हैं, इसलिए वे नियमिति रूप से सभी वार्डों का निरीक्षण करें तथा जलापूर्ति नियमित रूप से हो यह सुनिश्चित करें। बैठक में निगम आयुक्त विश्वदीप सहित पेयजल विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

महापौर ने बैठक में सभी जोन कमिश्नरों को अपनी टीम के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ जोन अंतर्गत वार्डों का गर्मी में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था पुख्ता करने नियमित निरीक्षण करने कहा है। जल आपूर्ति के समय किसी भी तरह की रूकावट नहीं आनी चाहिए। महापौर ने कहा कि यह जोन कमिश्नरों की जिम्मेदारी होगी कि अगर किसी वार्ड में जल समस्या होने पर जोन से उसका सम्बंधित स्पाट पर तत्काल कार्यवाही कर समुचित निराकरण कराएंगे। इसके बाद भी अगर कोई तकनीकी समस्या आती है, तो वे बिना देर किए इसकी जानकारी तत्काल निगम मुख्यालय जल बोर्ड के अभियंताओं को देंगे, ताकि उस समस्या का तत्काल निराकरण किया जा सके।




### अवैध नल कनेक्शन पर सख्त कार्रवाई के निर्देश

महापौर ने जोन कमिश्नरों को अवैध नल कनेक्शनों पर नियमानुसार कड़ी कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए है। उन्होंने अवैध नल कनेक्शन के मामलों को करारोपण में शामिल करने कहा। मीनल चौबे ने बैठक में पेयजल आपूर्ति प्रभावित क्षेत्रों की सूची बनाकर वहां पानी टैंकरों से पानी पहुंचाने के लिए पुख्ता तैयारी करने के निर्देश दिए है।

### आयुक्त ने जलागारों की सफाई को लेकर दिए निर्देश

इस बैठक में आयुक्त विश्वदीप ने शहर में स्थित सभी 45 जलागारों की मैकेनिकल सफाई अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए है। उन्होंने फिल्टर प्लांट के सम्बंधित अधिकारियों से कहा कि जलागारों की नियमित रूप से सफाई कराएं, ताकि जनता को शुद्ध पानी मिल सकें। बैठक में नगर निगम अपर आयुक्त विनोद पांडेय, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर सहित सभी जोन कमिश्नर, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता उपस्थित रहे।

# स्कूल-हास्पिटल के पास संचालित पान दुकानों को हटाने के निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर।

जिला प्रशासन के निर्देश पर नगर निगम प्रशासन की टीम शहर का भ्रमण कर स्कूल-कॉलेज एवं हास्पिटल के पास संचालित पान ठेलों को चिन्हांकित कर उनके संचालकों को नोटिस जारी किया जा रहा है। इस नोटिस के जरिए संचालकों को एक सप्ताह के भीतर दुकानों को हटाने के लिए कहा जा रहा है। इसके बाद भी अगर दुकानें हटाई नहीं गई, तो उनके विरुद्ध कार्रवाई कर दुकान और सामग्री जब्त की जाएगी। इस कड़ी में शुक्रवार को भी लगभग आधा दर्जन पान दुकान संचालकों को नोटिस जारी किया है।

नगर निवेश विभाग उड़न दस्ता की टीम ने विभिन्न जोनों के क्षेत्र अंतर्गत भिन्न बाजारों में भिन्न शिक्षण संस्थाओं के आसपास संचालित पान दुकानों का औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान जोन-8 क्षेत्र में महोबा बाजार स्कूल के पास 3 पान दुकानों, जोन-3 अंतर्गत एसके नायडू स्कूल और छत्तीसगढ़ आई हास्पिटल के पास लगी दो दुकानों तथा जोन-5 क्षेत्र में भी स्कूलों के पास लगी कुछ दुकानदारों को नोटिस जारी किया। इन सभी दुकानों में गुटखा, तम्बाकू, सिगरेट, पान मसाला आदि नशे से सम्बंधित वस्तुओं के पाउच बेचे जा रहे थे। टीम में शामिल अधिकारियों ने इन दुकानदारों को नोटिस के माध्यम से दुकानों को हटाने के निर्देश दिए हैं, साथ ही नहीं हटाए जाने पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी है।

### जूस दुकान में गंदगी मिलने पर वसूला जुर्माना

जोन-8 कार्यालय क्षेत्र में संचालित शिव गंगा जूस दुकान के विरुद्ध स्वास्थ विभाग को शिकायत मिली थी कि दुकान में गंदगी पसरी रहती है। इस शिकायत के आधार पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने दुकान का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान दुकान में गंदगी पसरी मिली। स्वास्थ्य अधिकारी ने इस जांच के आधार पर दुकानदार पर दो हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

# मुर्गियों के समर्थन में महिलाओं ने किया अनोखा प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के 2 दिन पूर्व आधा दर्जन युवतियों ने मुर्गियों के समर्थन में राजधानी रायपुर में अनोखा प्रदर्शन किया। सभी युवतियां मुर्गी की तरह पिंजरे के अंदर खुद को कैद कर लोगों को जागरूक किया कि महिला हो या पशु-पक्षी सभी प्रजातियों की मादा के प्रति दयालु भावना रखें तथा वीगन भोजन ही चुनें। पीईटीए इंडिया और छत्तीसगढ़ के वीगन्स समर्थक युवतियों ने शुक्रवार को मरीन ड्राइव तेलीबांधा में मुर्गियों के समर्थन में पिंजरे के अंदर कैद होकर प्रदर्शन के साथ जागरूकता अभियान चलाया। युवतियों ने इस प्रदर्शन के जरिए कहा कि मुर्गियों को पिंजरों में इस तरह कैद किया जाता है, कि अंडे देने के लिए भी जगह नहीं मिल पाती है, वहीं पाल्ट्री फार्म में मुर्गियों को इस तरह से इस्तेमाल किया जाता है, ताकि वे सालभर में 3 सौ अंडे दे सकें, जबकि उनकी जंगली पूर्वज सालभर में केवल 15 अंडे ही देती थी। मुर्गियों की आयु भी लगभग 10 साल होती है, लेकिन मुर्गियों को पिंजरों में ठूंस-ठूंस कर रखने के कारण वे बीमार पड़ने लगती हैं, जिससे दो साल में ही मुर्गियां अंडा देना भी बंद कर देती है।




# विधायक रोहित साहू जनता के सच्चे सेवक : चन्द्रशेखर साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

- शिक्षा के लिए एक कौवरा कम खाने का दिया संदेश

जिला भाजपा महामंत्री और पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने राजिम विधायक रोहित साहू के समर्पण और कार्यशैली की जमकर सराहना की है। गुरुवार को कंवर पैकरा परिक्षेत्र स्तरीय वार्षिक सामाजिक समारोह, राधाकृष्ण मंदिर जीर्णोद्धार, मूर्ति स्थापना एवं विकास कार्यों के लोकार्पण-भूमिपूजन के अवसर पर घटारानी चौक स्थित शीतला मंदिर प्रांगण में उन्होंने विशाल जनसभा को संबोधित किया। चंद्रशेखर साहू ने विधायक रोहित साहू को 'जनता का सच्चा सेवक' बताते हुए कहा कि वे प्रतिदिन सुबह 10 बजे से रात 12 बजे तक लगातार जनसेवा में समर्पित रहते हैं। उन्होंने कहा, /"जनता ने अपने ही बीच के एक किसान-मजदूर के बेटे को चुनकर सही निर्णय लिया है। विधायक जी भाजपा की राज्य और केंद्र सरकार की मदद से क्षेत्र में 3000 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों के नए आयाम स्थापित कर रहे हैं, जो एक अकल्पनीय कीर्तिमान है। उन्होंने जोर देकर कहा कि क्षेत्र की व्यक्तिगत और सार्वजनिक समस्याओं के समाधान के लिए विधायक पूरी निष्ठा से प्रयासरत रहते हैं।



### भले एक कौवरा कम खाओ पर बच्चों को पढ़ाओ

सामाजिक मंच से चंद्रशेखर साहू ने शिक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ी में मार्मिक अपील करते हुए कहा की नोनी-बाबू मन के शिक्षा में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहिए। भले ही ओकर बर हमन ला अपन आहार में एक कौवरा (निवाला) कम खाना पड़े, लेकिन शिक्षा-दीक्षा में कोई समझौता नहीं होना चाहिए। युवाओं की वर्तमान स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि आज बेटियां तो जिम्मेदारी से पढ़ रही हैं, लेकिन बेटों और भाइयों को बचाने की जरूरत है। आज का युवा नशे और फिजूल कार्यों में समय गंवाकर भटक रहा है। युवाओं को सही राह दिखाना समाज, गांव और परिवार की सामूहिक जिम्मेदारी है, क्योंकि वे ही हमारा भविष्य हैं। उन्होंने पूर्वजों के संस्कारों को सहेजने पर भी बल दिया। कंवर समाज के इस भव्य आयोजन में परिक्षेत्र-बोड़की संरक्षक भूषण कंवर (चरौदा), कार्तिक राम कंवर, छन्नूराम कंवर (फूलझर), नेमूराम कंवर, बिरेन्द्र कुमार कंवर (पतोरा), दीनबंधु राम कंवर (बोड़की), पुष्पा कंवर (कुंडेल), नरेन्द्र कुमार कंवर (जमाही), सुदर्शन कंवर (फूलझर), दीनदयाल दीवान, ऐन्द्र कुमार दीवान, संतोष दीवान, सरपंच गजानंद साहू, उत्तम कुमार दीवान, तुलस राम दीवान, भारत राम दीवान, गौर सिंग दीवान, मौलीचरण दीवान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और समाजसेवी उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष...

### होली पर जमकर...

मुताबिक आम दिनों में जिले में महीनेभर में लाखों रुपए की शराब बिकती है, लेकिन होली जैसे त्योहारों पर इसमें खासा इजाफा देखने को मिलता है।

### जानलेवा हमले से...

आई है, जिससे परिवार में चिंता का माहौल बना हुआ है। मामले में पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी योगेश कुमार साहू पिता अशोक कुमार साहू (19 वर्ष) निवासी ग्राम खोरपा के खिलाफ बीएनएस की धारा 115(2), 296, 351(2) के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड डायरी सहित न्यायालय रायपुर पेश करने के लिए रवाना किया है।

### मधु ने योजना की...

एक हजार रूपए समय पर मिल जाता है। जिससे वह विभिन्न सब्जियों का बीज खरीद लेती है और उससे सब्जी उत्पादन कर दुगुना आय अर्जित कर लेती है। उन्होंने बताया कि विगत माह महतारी वंदन योजना से प्राप्त राशि का आहरण किया है। इस राशि का उपयोग अपने घर के बाड़ी मे सब्जी उत्पादन मे लगायी है और सब्जी को स्थानीय बाजार में बेचकर डबल मुनाफा कमा रही है।

### होली आंतरिक परिवर्तन...

कि ईश्वर के रंगों में रंगना ही सच्ची होली है। ज्ञान का रंग जीवन में प्रकाश लाता है, प्रेम का रंग जीवन को हरा-भरा बनाता है और शांति, सुख, आनंद तथा शक्ति के रंग केवल परमात्मा की संगति में ही मिलते हैं। ये रंग अजर-अमर और अविनाशी होते हैं। उन्होंने बताया कि संसार के रंग कभी-कभी नुकसान भी पहुंचा सकते हैं, लेकिन ईश्वर के रंग जीवन को सदा खुशहाल बनाते हैं। यादव समाज के जिला अध्यक्ष एवं प्रधानाध्यापक बी.के. हेमलाल यादव ने कहा कि होली का यह आयोजन केवल रंग खेलने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आंतरिक परिवर्तन स्थापित करने का महान उत्सव है। इस कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी चंद्रिका दीदी, मंजू बहन, अलका बहन के साथ समाज के वरिष्ठ सदस्य गोविंद यादव, रोशन देवांगन, हेमलाल यादव, पूर्व मंडल अध्यक्ष अघन सिंह ठाकुर, देवेंद्र चंद्राकर, तुकेश्वर नंदे, यादराम साहू, अलख राम निषाद सहित सैकड़ों की संख्या में माताएं, बहनें और बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सभी ब्रह्मावतसो ने आध्यात्मिक होली मनाई। संस्थान के छोटे बच्चों द्वारा रास नृत्य प्रस्तुत किया गया। सभी को आत्म-स्मृति का तिलक लगाकर सकारात्मक ऊर्जा का संदेश दिया गया और खुशियां बांटी गईं। अंत में सेवा केंद्र प्रभारी अंशु दीदी ने बच्चों को दिव्य उपहार और मिठाइयां भेंट कर सम्मानित किया।




**खबर संक्षेप**

## शराब के नशे में दोस्त पर किया जानलेवा हमला

**रायपुर।** देवेंद्र नगर थाने में एक युवक ने अपने तीन अन्य साथियों के खिलाफ शराब के नशे में उस पर जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। लोधीपारा निवासी प्रेमचंद झरिया ने चंदन शाह तथा दो अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, प्रेमचंद अपने साथियों के साथ बैठकर शराब पी रहा था। इस दौरान उनके बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके चलते चंदन तथा उसके दो अन्य साथी शराब की बोतल से प्रेमचंद के सिर तथा चेहरे पर वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिए।

## पुलिस कमिश्नर ने किया नए कार्यालय का उद्घाटन

**रायपुर।** पुलिस कमिश्नर का नया कार्यालय गुरुवार को सिविल लाइंस स्थित गृहमंत्री के पुराने बंगले सी-3 को बनाया गया है। नए कार्यालय का पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला के हाथों शुभारंभ हुआ। पुलिस कमिश्नर कार्यालय के समस्त कार्यों का संपादन अब सिविल लाइन सी-3 स्थित नए कमिश्नरेट कार्यालय से किया जाएगा। उद्घाटन के दौरान एडिशनल कमिश्नर ऑफ पुलिस अमित कामले, डीसीपी नार्थ मयंक गुर्जर, डीसीपी सेंट्रल उमेश गुप्ता, डीसीपी वेस्ट संदीप पटेल, डीसीपी क्राइम स्मृतिक राजनाला, डीसीपी ट्रैफिक विकास कुमार एवं अन्य राजपत्रित अधिकारी तथा कार्यालयीन स्टाफ भी उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण में युगांडा और कनाडा के प्रतिभागियों के साथ भारतीय वायुसेना के गरुड़ कमांडो शामिल रहे

# देवभोग के गणेश ने ऑल इंडिया एनसीसी कोर्स में रचा इतिहास, जीते दो गोल्ड मेडल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के देवभोग एनसीसी यूनिट के केयरटेकर गणेश सोनी ने ऑल इंडिया एएनओ प्री-कमीशन कोर्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए सेकंड ऑफिसर पद पर कमीशन प्राप्त किया है। इतना ही नहीं, उन्होंने सर्वोच्च अंक हासिल कर ऑल इंडिया स्तर पर छत्तीसगढ़ को प्रथम स्थान दिलाया और एक साथ दो ट्रॉफी जीतकर नया रिकॉर्ड भी बनाया। दरअसल, डायरेक्टर जनरल नेशनल कैडेट कोर एन सी सी, नई दिल्ली के निर्देशन में भारतीय वायु सेना एनसीसी द्वारा तमिलनाडु के चेन्नई में 104वां जेडीपीसी प्री-कमीशन कोर्स 5 जनवरी से 28 फरवरी तक आयोजित किया गया था। 56 दिनों तक चले इस कठिन प्रशिक्षण शिविर में देशभर के विभिन्न एनसीसी यूनिट से 47 केयरटेकर ऑफिसर प्रशिक्षण के लिए शामिल हुए थे। इनमें आंध्रप्रदेश-तेलंगाना, महाराष्ट्र, ओडिशा, राजस्थान, तमिलनाडु-पांडिचेरी, अंडमान-निकोबार, उत्तराखंड, बिहार-झारखंड, मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, नॉर्थ-ईस्ट रीजन, पंजाब-हरियाणा-हिमाचल-चंडीगढ़, केरल-लक्षद्वीप, कर्नाटक-गोवा और दिल्ली के




प्रतिभागी शामिल थे। इस कोर्स में गणेश सोनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए "फर्स्ट इन ऑर्डर ऑफ मेरिट" और "बेस्ट इन एकेडमिक" ट्रॉफी अपने नाम की। इस उपलब्धि के साथ छत्तीसगढ़ को ऑल इंडिया स्तर पर पहला स्थान मिला। खास बात यह है कि किसी एक राज्य द्वारा एक साथ दो ट्रॉफी जीतने का यह पहला मौका बताया जा रहा है।



गणेश सोनी का चयन ग्रुप हेडक्वार्टर रायपुर में साक्षात्कार के बाद पुरुष वर्ग से एकमात्र प्रतिनिधि के रूप में हुआ था। चेन्नई के एयरफोर्स स्टेशन में आयोजित इस प्रशिक्षण में विदेशी देशों युगांडा और कनाडा के प्रतिभागियों के साथ भारतीय वायुसेना के गरुण कमांडो भी शामिल रहे। इस कोर्स का संचालन कैप्टन दिग्विजय सिंह चौहान द्वारा किया गया, जिन्होंने अब तक 13,000 से अधिक फ्लाइंग घंटे पूरे किए हैं।

### सुबह 4 बजे से रात 10 बजे तक कड़ा प्रशिक्षण

56 दिनों के प्रशिक्षण में सुबह 4 बजे से रात 10 बजे तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित होती थीं। इसमें ड्रिल ट्रेनिंग, वेपन ट्रेनिंग, एयर ट्रैफिक कंट्रोल की जानकारी, टेक्निकल और स्पेशल सब्जेक्ट, कंट्रोल लाइन मॉडल, रेडियो कंट्रोल मॉडल, चक ग्लाइडर निर्माण सहित भारतीय वायुसेना के प्रशिक्षण विमान किरण, पिलाटस पीसी–7 और चेतक हेलीकॉप्टर से जुड़ी जानकारियां दी गईं। प्रशिक्षण के अंत में हुए प्रैक्टिकल, इंटरव्यू और थ्योरी परीक्षा में गणेश सोनी ने 92.16 प्रतिशत अंक हासिल किए। गणेश सोनी इस उपलब्धि के साथ गणेश सोनी गरियाबंद जिले से भारतीय वायुसेना (एनसीसी) में सेकंड ऑफिसर (एएनओ) जूनियर डिवीजन के पद पर कमीशन प्राप्त करने वाले पहले व्यक्ति बन गए हैं। गणेश सोनी की इस उपलब्धि पर 3 सीजी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी रायपुर के कमांडिंग ऑफिसर विंग कमांडर विवेक कुमार साहू, सेजेस प्राचार्य गिरीशचंद्र बेहेरा, शाला प्रबंधन विकास समिति के अध्यक्ष सुशील यादव, उपाध्यक्ष धनसिंह मरकाम सहित समस्त स्टाफ और प्रबंधन समिति ने उन्हें बधाई दी है। गणेश सोनी ने अपनी सफलता का श्रेय 3 सीजी एयर स्क्वाड्रन एनसीसी रायपुर, पीआई स्टाफ, अपने परिवार, जन्मभूमि देवभोग और विद्यालय परिवार को देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया।

# रसेला क्षेत्र में महुआ बीनने में जुटे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र में यहां आपको कुदरत के अनेक उपहार नजर आएंगे। इस अंचल में महुआ के पेड़ की काफी बहुलता है, आप जहां भी जाएंगे वहीं महुआ के पेड़ मिल जाएंगे। क्षेत्र में पीला सोना कहां जाने वाला महुआ रात दिन पेड़ों के नीचे महुए की अनवरत जारी है। क्षेत्र के ग्रामीण अपने परिवार के साथ इन दिनों जंगल,खेत,भाठा ठिकरा में महुआ बीनने का काम कर रहे हैं। ग्रामीण सुबह 5 बजे खेत, जंगल पहुंच जाते हैं, और घर वापसी 3 से 4 बजे महुआ बीनकर आते हैं। महुआ की खुशबू से इन दिनों पूरा जंगल महक रहा है। ग्रामीण कुबेर भुजिया, रामूसिह नागेश, तमेशर मरकाम, देवलाल बारिक, भुनेश्वर कोमरर्रा का कहना है कि 4 से 5 क्विंटल सूखा



महुआ हर साल मिल जाता है, जिसे 44 से 45 रुपए प्रति किलो की दर से व्यापारी खरीद लेते हैं, हमारी यह खेती पूरी तरह से प्राकृतिक और बिना लागत वाली है। क्षेत्र में महुआ पेड़ फाल्गुन में कम मिलता है पर अधिकतर पेड़ों से चैत महीना से महुआ मिलता है। नगदी के रुप में मानें जाने वाला महुआ गिरने का इंतजार ग्रामीण बेसब्री से इंतजार करते हैं। इस वर्ष अभी वर्तमान में महुआ प्रति किलो 44 से 45 रुपए बिक रहा है। वनांचल क्षेत्रों में महुआ ग्रामीणों के जीविकोपार्जन का बड़ा जरिया है।

### संकट की घड़ी का साथी है महुआ

ग्रामीणों का कहना है कि महुआ मुश्किल घड़ी का साथी है यह एक ऐसा पेड़ है जो हर तरह से उपयोगी है, इसके फूल से उनका खर्च चल जाता है, गर्मी के सीजन के बाद बरसात आती है और खेती शुरू हो जाती है ऐसे में महुआ फूल को इकट्ठा करके अपनी खेती की तैयारी करते हैं। साथ ही गर्मी के सीजन में समाज में शादियां भी ज्यादा होती है, मांगलिक कार्य के वक्त भी महुआ फूल बहुत काम आते हैं। एक बुजुर्ग नोहर ठाकुर का कहना है कि उन्होंने अपनी पूरी जिंदगी में महुआ के सीजन में फूलों को सहेजा है क्योंकि यह उनके लिए किसी पूंजी से कम नहीं होता, महुआ अच्छे दामों में बिकता भी है। बिना लागत, बंपर कमाई :- भुवेन्द्र मरकाम कहा कि महुआ एक ऐसा पेड़ है जो एक बार अगर तैयार हो जाएं तो बंपर कमाई का साधन बन जाता है। महुआ के पत्तों से और इसके छाल और फूल से कई आयुर्वेदिक दवाइयां बनती है। इसके अलावा इसके फल ( जिसे लोकल भाषा में डोरी कहा जाता है ) से तेल निकाला जाता है,वह भी काफी काम का होता है। महुआ के फूल और फल में कोई कीटनाशक ना कोई खाद डालना नहीं पड़ता है। छत्तीसगढ़ सरकार भी लघु वनोपज खरीदी के अंतर्गत महुआ फूल और बीज की खरीदी करती है।

# टेगनाबासा में मनाई गई होली

**रसेला।** ग्राम पंचायत टेगनाबासा में होली मिलन समारोह आयोजन किया गया। इस मौके पर सरपंच राजकुमारी ध्रुव, उपसरपंच रेखचद साहू, पंच तुलेश साहू, मोहेन्द सिन्हा, भगवानी ध्रुव, तिहारू ध्रुव, कुमारी बाईं, यामनी यादव, जमुना ध्रुव, बिजली बाईं, कुन्ती सिन्हा, परमिला सिन्हा, उमा बाई, सुशीला ध्रुव सहित ग्राम प्रमुख उपस्थित थे। सभी जनप्रतिनिधियों और आमंत्रित अतिथियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर सरपंच राजकुमारी ध्रुव ने कहा कि होली सिर्फ रंगों का त्योहार नहीं है, इसमें गहरा आध्यात्मिक संदेश भी छुपा है। ये हमें जीवन के रंगों को अपनाने और दूसरों के साथ खूशिया बांटने की सीख देता है। इसी कड़ी में उपसरपंच रेखचद साहू ने कहा की यह केवल रंगों का खेल नहीं, बल्कि प्रेम, मेलजोल और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। भक्ति की अहंकार पर और धर्म की अधर्म पर विजय का प्रतीक है। ग्राम प्रमुख गोसाई राम सिन्हा ने कहा की होली को प्रेम और कामभावना से भी जोड़ा जाता है, बसंत ऋतु स्वयं प्रेम, उमंग और आनंद की ऋतु है। इस समय प्रकृति भी रंग बिरंगी हो जाती है, पेड़ों पर नए पत्ते आते हैं, फूल खिलते हैं और वातावरण में नई ऊर्जा का संचार होता है। टीआर साहू अपने कहा कि



वैदिक मान्यता के अनुसार अग्नि देवताओं का मुख है, इसलिए यज्ञ में अग्नि के माध्यम से अन्न अर्पित किया जाता है, आज भी होलिका दहन के समय लोग गेहूं जौ और अन्य फसलों की बालियां अग्नि में डालते हैं। इस प्रकार होली नई फसलों के स्वागत और प्रकृति के प्रति कृतज्ञता का पर्व भी है। इस दौरान ब्रह्मा दास मानिकपुरी सहित स्व सहायता समूह के महिला और ग्रामीण उपस्थित थे।







प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप

### धूमधाम से मनाया रंगों का पर्व, युवाओं में उत्साह

**बिरकोनी।** ग्राम बरबसपुर में होली का त्यौहार बुधवार को धूमधाम से मनाया। बच्चों ने जमकर होली खेली। इस मौके पर लोगों ने मनमुटाव भुलाकर एक दूसरे को गले लगाया। सुबह से ही लोग मित्रों, रिश्तेदारों के यहां पहुंच गए और एक-दूसरे को रंग लगाकर होली का उल्लास मनाया। बड़े-बुजुर्गों को रंग गुलाल लगाकर उनका आशीर्वाद लिया।

### सोनई रूपई मंदिर में नवरात्र की तैयारी

**महासमुंद।** ग्राम खट्टी में चैत्र नवरात्र पर्व पर माता सोनई रूपई मंदिर में मनोकामना ज्योति प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। 19 मार्च घट स्थापना श्री शैलपुत्री, बेदी पूजन प्रातः 11.36 से 12.24 बजे तक, 23 मार्च को स्कंद माता एवं श्रृंगार पूजन 8 बजे से, 26 मार्च महागौरी पूजन कार्यक्रम शाम 4 बजे होगा। उक्त जानकारी सुभाष शर्मा, होरीलाल साहू, कमलेश कुमार ध्रुवंशी, गजेंद्र साहू ने दी।

### निजी स्कूलों का शिक्षा विभाग के खिलाफ असहयोग आंदोलन शुरू

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के आह्वान पर प्रदेश के सभी जिलों के निजी स्कूलों द्वारा शिक्षा विभाग के निर्देशों और पत्राचार का जवाब देकर शासन के प्रति असहयोग जताते हुए आंदोलन किया जा रहा है। संघ की 4 मार्च को आयोजित प्रांतीय बैठक में यह निर्णय लिया गया कि शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत अध्ययनरत विद्यार्थियों की क्षतिपूर्ति राशि वर्ष 2000 से अब तक नहीं बढ़ाई गई है। वहीं फीस वृद्धि से संबंधित हाईकोर्ट के आदेश के बावजूद भी क्षतिपूर्ति राशि में बढ़ोतरी नहीं की गई है। इसी के विरोध में शिक्षा विभाग के साथ असहयोग करने का निर्णय लिया गया है।

### बरबसपुर में त्रिदिवसीय सत्संग समारोह शुरू

**बिरकोनी।** ग्राम बरबसपुर जैतखाम चौक में 6 मार्च शुक्रवार को शाम 5 बजे सतनामी समाज के सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा संत गुरु घासीदास की पूजा अर्चना कर त्रिदिवसिय अखंड नमायण का शुभारंभ किया गया। जिसमें समाज के लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। आयोजक समिति के सदस्य महेंद्रप्रताप सोनवानी, जयलाल ढीढी, भूपेंद्र सोनवानी, सुखचंद सोनवानी, प्रदीप बघेल ने बताया कि आसपास के और दूसरे जिले सत्संग मंडली द्वारा नमायण समारोह में सत्संग प्रस्तुत की जा रही है।

### महतारी वंदन योजना से बेटी के उज्ज्वल भविष्य की ओर कदम

**महासमुंद।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक सार्थक पहल है। इस योजना का लाभ लेकर ग्राम छिंदपाली की निवासी श्रीमती सिंधुसुता बारीक ने अपनी बेटी ख्याति बारीक के लिए सुरक्षित और उज्ज्वल भविष्य की मजबूत नींव रखी है।

## निधन

### अमर सिंग साहू



**छुईहा बेलर।** ग्राम बेलर निवासी अमर सिंह साहू का निधन शनिवार हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। वे सहकारी समिति का प्राधिकृत अधिकारी एंव राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कार्यकर्ता थे।

### ईश्वर रात्रे



**छुईहा बेलर।** ग्राम बेलर निवासी ईश्वर रात्रे का निधन शनिवार हो गया। उनका अंतिम संस्कार गांव के मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार में गांव के गणमान्य नागिरक शामिल हुए। वे कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता थे। राजिम विधायक रोहित साहू, जिला पंचायत सदस्य नंदनी कोमल ढीढी, सुरेन्द्र रात्रे, सरपंच सुमन लेखराम,नुरेश बेलर ग्रामवासी उपस्थित थे।

---

**महिला दिवस आज : मैनपुर की महिला नेतृत्व ने साझा किए विचार**

# शिक्षा और सामाजिक सुधार का आधार है महिला सशक्तिकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

आज 8 मार्च कों अंतराष्ट्रीय महिला दिवस है और महिला दिवस के अवसर पर महिला सशक्तिकरण को लेकर जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। महिलाओं के सम्मान में अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जाते है। इस सबंध में क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों व महिलाओं से हरिभूमि की टीम ने चर्चा किया। जनपद पंचायत मैनपुर के अध्यक्ष मोहना नेताम ने चर्चा में कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भागीदारी महत्वपूर्ण है महिलाए सामाजिक राजनितिक, प्रशासनिक सहित विभिन्न क्षेत्रे में अग्रणी है, महिलाओं की बेहतरी के लिए छत्तीसगढ के डॉ. विष्णु देव सरकार द्वारा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाए संचालित की जा रही है, सरकार के मंशानुसार प्रदेश मे कुपोषण दूर करने सुपोषण योजना शुरू की गई जच्चा, बच्चा स्वथ्य और मजबूत होगा तो प्रदेश व देश मजबूत होगा। उन्होने आगे कहा कि महिला स्वः सहायता समूह को आत्मनिर्भर बनाने के लिए विभिन्न अजीविका मूलक गतिविधियां संचालित की जा रही है, राज्य में महिलाओं को सामाजिक एवं आर्थिक रूप से सशक्त किए जाने के उददेश्य से महिला स्वः सहायता समूह को आसान शर्तो पर ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे हमारी महिला बहन आगे बढ रही है।



### टूट रहे हैं पुराने मिथक

भाजपा नेत्री श्रीमती नंदनी नेताम ने कहा समय के साथ नारी का स्वभाग भी बदला है अपने अधिकारों के प्रति वह बखूबी जागरूक हुई है, राजनिति, प्रशासन, समाज, उद्योग, व्यवसाय, विज्ञान, प्रद्योगिकी, फिल्म, संगीत, साहित्य, मिडिया, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, वकालत कला, संस्कृति, शिक्षा, खेल, व देश की सुरक्षा में नारी ने छंलाग लगाई है, नारी की नाजूक शारीरिक संरचना के कारण यह माना जाता रहा है, कि वे सुरक्षा जैसे कार्यो का निर्वाह नही कर सकती पर बदलते समय के साथ यह मिथक टुटा है, महिलाए आज पुलिस, सेना, और अर्धसैनिक बलो में बेतहरीन तैनाती पा रही है, उन्होने आगे कहा रूढियों को घता बताकर महिलाए, जमी से लेकर आंतरिक्ष तक हर क्षेत्र में नित नये नजीर स्थापित कर रही है।

### महिला सशक्तिकरण का द्वार शिक्षा से ही खुलता है

जिला पंचायत गरियाबंद के सभापति लोकेश्वरी नेताम ने कहा कि आज महिला शिक्षा को बढावा देना चाहिए महिलाएं तभी सफल और सशक्त हो सकती है, जब पढ़ाई और पढ़ाने को महत्व दिया जाए, औरतों को सभी क्षेत्र में आगे बढाना चाहिए साथ ही उनकों सभी कार्यक्रमो अपने हिस्सेदारी बढनी चाहिए जो भी उनकों कार्य सौपा जाए उसे पूर्ण जिम्मेदारी के साथ करना चाहिए जब नारी शिक्षित होगी तो सफलता के द्वारा स्वंय खुलते जायेंगे।मैनपुर नगर के गृहणी श्रीमति लता ध्रुव ने कहा की भारतीय संस्कृति में नारी को महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है, इतिहास गवाह है भारतीय समाज ने कभी मातृ शक्ति के महत्व का आंकलन कम नहीं किया और जब भी ऐसा करने की कोशिश की तो समाज में कुरूतिया और कमजोरिया ही पनपी है हमारें वेद और ग्रंथ नारी शक्ति के योगदान से भरे पडे हैं, नारी को आरंभ से ही सृजन और सम्मान और शक्ति का प्रतिक माना गया है शस्त्र से लेकर साहित्य तक नारी की महत्ता को स्वीकार किया गया है। यत्र नार्यस्तु पूजयन्ते, रमन्ते तत्र देवता।

### दहेज प्रथा का विरोध

जनपद पंचायत सदस्य जमुना नेगी ने कहा कि आज महिलाए किसी से कम नही है, दहेज प्रथा, कन्या भुरण हत्या, बाल विवाह, शराब खोरी जैसे तमाम बुरियो के विरूद्ध नारी आगे आ रही है। ग्राम पंचायत मैनपुर के सरपंच श्रीमति हनीता नायक ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा कि आज महिलाओं को सभी क्षेत्रे में आगे आने की जरूरत है, महिलाए लगातार हर क्षेत्र में आगे बढ रही है, ग्रामीण क्षेत्र की भी महिलाए राजनिति और सामाजिक क्षेत्रे में आगे आ रहे है। जनपद पंचायत मैनपुर के उपाध्यक्ष नंन्दकुमारी राजपूत ने कहा कि समाज में महिलाओं के उत्थान के बिना समग्र विकास की कल्पना नही की जा सकती , उन्होने आगे कहा किसी भी युग में जब जब नारी की अवहेलना हुई है तब तब उस युग में समाज पतन के गर्त पर चला गया है इस तरह मातृ शक्ति के बिना किसी भी समाज के समग्र विकास का होना संभवन नही है उन्होने आधुनिक युग में देश और प्रदेश की तरक्की तथा आजादी में महिलाओं के योगदान के बारे में विशेष रूप से उल्लेख करते हूए महिलाओ के द्वारा पुरूषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर किए गए संघर्ष को स्मरण किया। श्रीमति राजपूत ने कहा प्रदेश व देश में विकास के हर क्षेत्र में महिलाए बड चढकर हिस्सा ले रही है।

### बुराइयों के विरुद्ध आवाज

जनपद सदस्य कुमारी बाई पटेल ने कहा कि आज के समय मे महिलाए डॉक्टर इंजीनियर, कलेक्टर और बडे बडे महत्वपूर्ण पदो में अपनी भुमिका निभा रही है और राजनिति में भी आगे बढ रही है, आज महिलाए किसी भी क्षेत्र में पुरूषों से कम नही है, उन्होने महिला दिवस की सभी को बधाई देते हूए अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने का आह्वान किया। महिला कांग्रेस मैनपुर अध्यक्ष प्रियंका कपील ने कहा की आज महिलाए पुरी तरह सशक्त है उन्होने महिलाओं के विकास और उत्थान के लिए शासन के द्वारा चलाए जा रहे योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा ग्रामीण महिलाओं को अपने अधिकार के लिए आगे आना होगा। जिला पंचायत गरियाबंद के सदस्य श्रीमती नेहा सिघल ने कहा सशक्तिकरण के क्षेत्र में महिलाएं अब उच्च शिक्षा, सेना, खेल और व्यवसाय जैसे सभी क्षेत्रें में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं।उन्होंने आगे कहा महिला दिवस का उद्देश्य समाज में व्याप्त रूढ़ियों को तोड़ना और महिलाओं के खिलाफ हिंसा को रोकना है।

---

## कलार समाज परिक्षेत्र छुरा के सभी पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



कलार समाज परिक्षेत्र छुरा का निर्वाचन शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर समाज के सभी पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया। विशेष बात यह रही कि सभी पदों पर पदाधिकारी निर्विरोध मनोनीत किए गए, जिससे समाज में एकता और आपसी सद्भाव का संदेश गया। निर्वाचन प्रक्रिया समाज के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी विजय सिन्हा के निर्देशन पर नामांकन आदि सभी प्रक्रिया का पालन किया गया। जिसमें पुनः इस वर्ष भी नवनिर्वाचित मंडलेश्वर शिवलाल सिन्हा ग्राम रक्सी, सचिव प्रकाश सिन्हा खड़मा, कोषाध्यक्ष हरिराम सिन्हा टेगनाबासा ,महिला मंच, अध्यक्ष पार्वती सिन्हा रानीपरतेवा, महिला मंच कोषाध्यक्ष लक्ष्मी सिन्हा रानीपरतेवा, महिला मंच सचिव भारती सिन्हा छुरा, युवा मंच अध्यक्ष गुलशन सिन्हा खड़मा, युवा मंच सचिव उमेश सिन्हा टेगनाबासा, युवा मंच कोषाध्यक्ष उत्तम सिन्हा जरगांव निर्विरोध निर्वाचित हुए एवं रमेश सिन्हाटेगनाबासा को संरक्षक बनाया गया। इस अवसर पर प्रांतीय सदस्य लेखराम सिन्हा, जिला सलाहकार चिंताराम सिन्हा, जिला कार्यकारिणी सदस्य मानसिंह सिन्हा, युवा मंच जिला कोषाध्यक्ष कुलेश्वर सिन्हा, अनिता सिन्हा,परिक्षेत्र निर्वाचन अधिकारी मिथलेश सिन्हा पूर्व सचिव हेमंत सिन्हा, केशू सिन्हा, चमन सिन्हा, रूपसिंह सिन्हा, खिलावन सिन्हा, भारत सिन्हा, नारायण सिन्हा, दिलीप सिन्हा, रोहित सिन्हा, बालचंद सिन्हा, लेखराम सिन्हा, प्रीतराम सिन्हा, दिनेश सिन्हा, चमन सिन्हा, अर्जुन धनंजय सिन्हा, हीरालाल सिन्हा, कुंती सिन्हा, कुमारी सिन्हा, वीरसिंह सिन्हा, कुलेश्वर सिन्हा, सीताराम सिन्हा, पुरन सिन्हा, निर्मला सिन्हा, पार्वती सिन्हा, हेमलाल सिन्हा, प्रेमलाल सिन्हा, टेकेश्वर सिन्हा, छबिराम, देवकुमारी, निधि सिन्हा, चंद्रकांत सिन्हा, जया सिन्हा, गंगा सिन्हा एवं ग्राम प्रमुख, क्षेत्राधिकारी, समाज प्रमुख एवं समाज के माताएं बहने उपस्थित रहे।

## जिला कांग्रेस भवन में नवनियुक्त पदाधिकारियों का परिचय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा शनिवार को जिला कांग्रेस भवन में नए जिला अध्यक्ष और पदाधिकारियों के परिचय सम्मेलन के साथ होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा, पूर्व विधायक अमितेश शुक्ला और जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों एवं पदाधिकारियों के परिचय से हुई। इसके बाद सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और समर्थक कार्यक्रम में शामिल हुए और एक-दूसरे से गले मिलकर होली का पर्व उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अमितेश शुक्ला ने कहा कि क्षेत्र की जनता ने उन्हें वर्षों से भरपूर प्यार और स्नेह दिया है। उन्होंने कहा कि पद पर रहते हुए उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास किया है। वर्तमान में राज्य की भाजपा सरकार की नीतियों को जनता तक पहुंचाने और कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में हुए जनहित के कार्यों को बताने की आवश्यकता है। जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने नव नियुक्त पदाधिकारियों का परिचय कराते हुए सभी को होली की बधाई दी। कार्यक्रम को शैलेंद्र साहू, पन्नालाल ध्रुव और पुष्पा साहू ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री ओंकार ठाकुर ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। इनमें सन्नी मेमन, राजेश साहू, पदमा दुबे, चंद्रभूषण चौहान, सेवा गुप्ता, बिमला साहू, पद्मार यादव, अजय बाजपेयी, नंदनी त्रिपाठी, सविता गिरी, रंभा कवर, ममता फुलझेले, नीतू देवदास, प्रतिभा पटेल, ज्योति सहनी, मुकेश रामटेके, नादिर कुरैशी, जुनैद खान, शेष नारायण चौहान, अभिलाष पटेल, छगन राठौर, रंजीता पटेल, दयालु नेताम, राजेंद्र यादव, पप्पू हरपाल, छगन यादव, बीरेन्द्र सेन, पूना यादव, दिव्या कश्यप, योगेश बघेल, निकेश यादव, मंजरी गुप्ता, सरिता सेन, टीकम तारक, मक्कू दीक्षित सहित बड़े संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

## खड़मा के तोषण कुमार का बीएसएफ में चयन, हजारीबाग के लिए हुए रवाना

*मुड़ागांव (कोरासी)। ग्राम खड़मा के युवा साथी की प्रेरणा स्रोत भाई तोषण कुमार ध्रुव पिता कुंज लाल ध्रुव का बीएसएफ में चयन होने पर अपनी माटी को प्रणाम करके झारखंड के हजारीबाग में अपनी प्रशिक्षण के लिए प्रस्थान किया। सभी युवा साथी एवं पूरा परिवार से खुशी-खुशी विदा किया और आगे बढ़ाने के लिए बधाइयां दी। सके विदाई में राम प्रसाद ध्रुव, कुंजलाल ध्रुव,जागेश्वर राम ध्रुव, हिमांशु ध्रुव, राहुल साहू, राहुल गौर, आकाश साहू, चिंता ध्रुव, सागर, पूनम, विवेक सिंह, डागेस पिंटू, ओमकार यादव, कान्हा, विमल ध्रुव, यशोदा ध्रुव, बिना ठाकुर भोज ध्रुव, हेमकुमारी, भारती, आरती, नंदिनी मिथिलेश, रुक्मणी, लली सोनी, खड़ा देव कर्मचारी संघ सबने उज्जवल भविष्य की कामना की।*



## सहायक शिक्षक से शिक्षक पद पर जल्द पदोन्नति की मांग



**छुरा।** डीपीआई ने सहायक शिक्षकों की वरिष्ठता सूचीप्रकाशन का टाईमटेबल जारी कर दिया है, वर्षो से सहायक शिक्षक अपनी पदोन्नति का इंतजार कर रहे हैं। अब धैर्य टुट रहा है वेतन विसंगति से भी पीड़ित हैं। वहीं नए शैक्षणिक सत्र के पूर्व स्कूलों में शिक्षकों की पदस्थापना नितांत आवश्यक है ताकी रिक्त पदों के भरने से मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान का सुदृढीकरण हो सके और जल्द पदोन्नति से वेतन विसंगति से भी सहायक शिक्षकों को निजात मिलेगी। विषयबाध्यता विलोपित कर सरकार ने विषयवार गुणवत्ता की ओर विशेष ध्यान दिया है। अब समय की मांग है कि जब व्याख्याता का प्राचार्य में प्रमोशन हुआ तो रिक्त व्याख्याता पद भरने के लिए प्राइमरी हेड मास्टर और शिक्षक की विषयवार व्याख्याता पदोन्नति कर रिक्त पद पूरी कर समस्त हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी स्कूल को व्याख्याता दिया है इसमें सरकार ने शिक्षा गुणवत्ता के प्रति जागरूकता का परिचय दिया है और मिडिल स्कूल प्रधान पाठक की पद पूर्ति पदोन्नति द्वारा कर शिक्षक को पदोन्नति का मौका दिया और जिस स्कूल में पहले से पदस्त है वही पोस्टिंग कर बेदाग छवि का उद्धरण सरकार ने प्रस्तुत किया है इसका कार्य बहुत प्रशंसनीय है। अब जब मिडिल में पद रिक्त है उसे जल्द से जल्द सहायक शिक्षको का शिक्षक में पदोन्नति कर मिडिल स्कूल में खाली हुए पदों में पूर्ति कर शिक्षा गुणवत्ता का एक और उदाहरण प्रस्तुत कर स्कूल शिक्षा विभाग में इतिहास बनाया जाए कि सशक्त सरकार ननिहाल बच्चों से बारहवीं तक के बच्चों को अच्छी शिक्षा देने शिक्षकों को व्यवस्था सरकार ने पूर्ण कर एक नया कीर्तिमान बनाया है।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की नई कार्यकारिणी घोषित संगठन में कसावट लाने और आगामी कार्यक्रमों को गति देने के लिए गरियाबंद जिले के छुरा ब्लांक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष माहेश्वरी शाह ने अपनी नई ब्लॉक कार्यकारिणी का ऐलान कर दिया है। जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा की ओर से सोमवार को इसकी आधिकारिक घोषणा की गई। नवनियुक्त पदाधिकारियों को तत्काल कार्यभार संभालने और संगठन के कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं।इस नई कार्यकारिणी में ओबीसी,अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति और सामान्य वर्ग का संतुलित समावेश किया गया है। सलीम मेमन को छुरा ब्लॉक कोषाध्यक्ष की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उपाध्यक्ष देवसिंग नेताम रंजित ठाकुर, राजू निषाद, गोवर्धन नागेश, खिलेश्वरी ध्रुव, मन्नुलाल चौहान, हरीश यादव, दयालुराम कुंजाम, प्रताप ठाकुर, ममता साहू, महेन्द्र साहू, पुनारद ठाकुर, अनुसुईया यादव, ईश्वर नेताम, तिलेन्द्र साहू, श्वेता चन्द्राकर, किशोर साहू, रमेश चन्द्राकर, गोपी यादव, पदमा सोनवानी, खेलन नागेश, हरीराम सिन्हा, डगेश्वर ओंटी, आशा चौबे लोहझर, कार्यकारिणी सदस्य शैलेन्द्र दीक्षित , महेन्द्र ध्रुव , दयावती कंवर, देवलाल साहू, सुरेन्द्र ठाकुर, राजकुमारी दीवान शामिल है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, संगठन महामंत्री मलकीत सिंह गेंदू, प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल, जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा, ब्लॉक अध्यक्ष महेश्वरी शाह का आभार व्यक्त किया है और कहा कि संगठन को मजबूत करने का भरसक प्रयास करेंगे।

### कांग्रेस के मीडिया प्रभारी बने ज्ञानेश तिवारी



**गरियाबंद।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रशासनिक महामंत्री मलकीत सिंह गेंदु के अनुमोदन से जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा के सहमति से ज्ञानेश तिवारी को जिला कांग्रेस का मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है। ज्ञानेश तिवारी वर्षों से पत्रकारिता के साथ ही राजनीति से जुड़े होने के कारण समाज हित में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाते हुए आ रहे हैं। उनके मीडिया प्रभारी का दायित्व मिलने पर उन्हें वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल,सुखचंद बेसरा जिला अध्यक्ष,वरिष्ठ कांग्रेस नेता विनोद तिवारी, जिला पंचायत सदस्य संजय नेताम, छगन यादव राजेश साहू सन्नी मेमन आदित्यावर जुनैद खान नीरज ठाकुर रमेश शर्मा चिराग अली कमलेश यादव, रमेश राजा, योगेश बघेल, प्रेम सोनवानी, तपेश्वर ठाकुर, सेवन पुजारी, पुष्पा जगन्नाथ साहू, रामगुलाल साहू, आबिद ढेबर गुंजेश कपिल, चंद्रभूषण चौहान, चिराग अली, पवन सोनकर, हबीब मेमन, सतीश चौरे, दिलेश्वर देवांगन के साथ कई कार्यकर्ताओं और शुभचिंतकों ने शुभकामनाएं दी है।

## अंचल में होली की धूम, फाग गीतों के साथ मनाया गया भाईचारे का पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र में होली का पर्व पारंपरिक उत्साह, भाईचारे और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अंचलों में रंग, अबीर गुलाल और फाग गीतों के साथ होली की मस्ती छाई रही। क्षेत्र में होली ने सामाजिक एकता और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने का संदेश दिया। ग्राम रसेला में होली के अवसर पर गुलाल और रंगों की जमकर बौछार हुई, लोगों ने सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे की भावना के बीच गिले शिकवे मिटाकर एक दूसरे को गले भी लगाया। लोगों ने अपने परिवार के साथ साथ ग्रामीणों के साथ उन्होंने जमकर होली खेली और एक दूसरे को रंग तथा माथे पर गुलाल लगाकर शुभकामना दी। वहीं छोटों ने अपने से बड़ों के पांव छूकर उनसे आशीर्वाद लिया। इसके पहले क्षेत्र में मंगलवार को होलिका दहन किया और बुधवार को पारंपरिक तौर पर होलिका दहन का विधि विधान से पूजा अर्चना कर परिक्रमा की गई। परिवार की सुख समृद्धि और शांति की कामना की गई। फाल्गुन माह की पूर्णिमा में होली का पर्व मनाया जाता है।



क्षेत्र के प्रत्येक गांवों के गली मोहल्ले में होली का पर्व का नजारा ही बहुत खुब रहा, मोहल्ले के मुख्य चौक चौराहों में ग्रामीणों की टोली नगाड़े और डीजे के धुन में फाग गीतों के साथ गाते हुए नाचते झूमते हुए दिखाई दिए।





